आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 29.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – देश फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से फिटनेस और स्वस्थ जीवन शैली के लिए जागरूक हो रहा है।
- प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड को प्लास्टिक मुक्त बनाने में प्रदेशवासियों से योगदान करने का आग्रह किया।
- इसरो ने श्रीहरिकोटा से नई पीढ़ी के नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस–02 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- मौनी अमावस्या पर हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।

राश्ट्रीय खेल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज देश फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से फिटनेस और हेल्दी लाइफ स्टाइल के लिए जागरूक हो रहा है। श्री मोदी कल देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देशवासियों से फिटनेस पर ध्यान देने की अपील की।
प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड प्लास्टिक मुक्त बनने की दिशा में काफी मेहनत कर रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस अभियान को सफल बनाने में योगदान करने का भी आग्रह किया।
श्री मोदी ने शीतकालीन यात्रा पर प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शीतकाल के दौरान उत्तराखंड में युवाओं के लिए एडवेंचर टूरिज्म के लिए भी कई अवसर होते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से भी शीतकालीन टूरिज्म का आनंद उठाने की अपील की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए 'विकसित राष्ट्र' बनने की ओर अग्रसर है।
वहीं, राष्ट्रीय खेलों को लेकर दर्शकों में उत्साह का माहौल है।

खेल प्रतियोगिता

देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित मल्टी–पर्पस हॉल में 38वें राष्ट्रीय खेलों के बैडमिंटन मुकाबले आज से शुरू हो गए हैं, जो 4 फरवरी तक चलेंगे। इसमें देश के शीर्ष खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। उत्तराखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित 18 राज्यों के खिलाड़ी बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 37वें राष्ट्रीय खेलों के कई पदक विजेता भी शामिल हैं। प्रतियोगिता में टीम और व्यक्तिगत दोनों श्रेणियों के मुकाबले होंगे। पहले चार दिन टीम इवेंट्स होंगे, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग की टीमें भाग लेंगी। पहले दिन आज अरुणाचल प्रदेश बनाम राजस्थान, गुजरात बनाम उत्तराखंड सहित कई अहम मुकाबले खेले जा रहे हैं।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन सेटैलाइट एन.वी.एस.–02 का सफल प्रक्षेपण किया। इसे सुबह छह बजकर 23 मिनट पर जी. एस.एल.वी.– एफ–15 प्रक्षेपण यान से छोड़ा गया। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से यह इसरो का सौंवा ऐतिहासिक प्रक्षेपण है।

मौनी अमावस्या

मौनी अमावस्या पर आज हरिद्वार की हर की पैड़ी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या स्नान, पितरों की शांति के लिए और घर में सुख–समृद्धि के लिए किया जाता है। आज के दिन स्नान के साथ दान आदि करने का भी विशेष महत्व है।

प्रयागराज महाकुंभ

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान चल रहा है। महानिर्वाणी पंचायती अखाड़ा और शंभु पंचायती अटल अखाड़ा ने आज सुबह त्रिवेणी संगम में सबसे पहले डुबकी लगाई। इससे पहले महाकुंभ में मंगलवार की रात भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसमें कई लोग घायल हो गए हैं। वहीं, प्रशासन का कहना है फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं, स्नान अनवरत जारी है। लोग संगम तट पर स्नान कर रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री लगातार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से स्थिति की जानकारी हासिल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी संतों, श्रद्धालुओं, प्रदेश और देशवासियों से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम से काम लें। उन्होंने कहा कि प्रशासन तत्परता से कार्य कर रहा है।

महाकुंभ प्रयागराज की घटना के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आपदा प्रबन्धन विभाग ने उत्तराखंड वासियों की सहायता के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी किये हैं। उत्तराखण्ड के प्रभावित श्रद्धालु 8218867005, 9058441404 और दूरभाष नंबर 0135 2664315 और टोल फ्री नंबर 1070 पर संपर्क कर सकते हैं। आपदा प्रबंध सचिव विनोद कुमार सुमन ने जानकारी दी कि भगदड़ के कारण महाकुम्भ क्षेत्र, प्रयागराज में अगर उत्तराखण्ड राज्य के श्रद्धालु किसी प्रकार से प्रभावित हुए हों और किसी भी प्रकार के मदद और घटना से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो इन हेल्पलाईन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सर्वदलीय बैठक

केंद्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले बृहस्पतिवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा।

बीटिंग रिट्रीट

गणतंत्र दिवस समारोहों का समापन आयोजन बीटिंग रिट्रीट आज नई दिल्ली में संपन्न होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।